संख्याः शिक्षा(प्रा०)(शा०शि०)–08–प्रा0,प्रस्तावी / 2022
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय
हिमाचल प्रदेश, लालपानी शिमला–171001
दिनांक शिमला–171001 जून , 2022

सेवा में

समस्त उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश।

विषय –

दिनांक 21.06.2022 को प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय हि० प्र० शिमला –1, के सभागार में हिमाचल प्रारम्भिक स्कूली क्रीड़ा संघ की वार्षिक बैठक की कार्यवाही की प्रस्तावना में संशोधन बारे।

उपरोक्त विषय पर सत्र 2022–23 के अर्न्तगत , होने वाली 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्र / छात्राओं की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हेतु हिमाचल प्रारम्भिक स्कूली क्रीड़ा संघ की वार्षिक बैठक दिनांक 21.05.2022 को प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय हि० प्र० शिमला –1 के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की प्रस्तावना दिनांक 03.06-2022 को समस्त उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक को भेज दी गई है। प्रस्तावना के मद संख्या (4) में निम्न निर्णय लिये गये थे – मद संख्या :4 :– निदेशक महोदय जी ने खण्ड स्तर की खेल कूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी दलों के सम्बन्ध में स्पष्ट नीति बनाने की बात सदन में रखी। इस पर भी सदन में हर पेहलु पर चर्चा हुई। चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया कि DDO / Complex से चयन करके एक ही टीम खण्ड स्तर की खेल कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेगी।

इस निर्णय पर विभिन्न अध्यापकों द्वारा आपति दर्ज की गई कि इससे Middle /High Schools के खिलाड़ीयों को खेलों में पर्याप्त अवसर नहीं मिलेगें।

क्योंकि विभिन्न जिलों में अलग–अलग स्थिति होने के कारणवंश , पुनः विचार विमर्श उपरांत प्रस्तावना मद संख्या :4 पर यह निर्णय लिया गया कि उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक अपने स्तर पर ही अपने जिलों में इस पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत होंगे , क्योंकि कई खण्डों में अब तक खेल कूद प्रतियोगिताऐं आरम्भ हो चुकी हैं।

निदेशक

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि0प्र0)
01 JUL 2022
शिमला–1

पृष्ठांकन संख्या समः । दिनांक शिमला–171001 जून , 2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है ।

1. अधीक्षक (IT) से अनुरोध है कि इसे समस्त उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा हिमाचल प्रदेश को ई–मेल के माध्यम से भेजने की कृपा करें।

कार्यालय उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
कांगडा स्थित धर्मशाला

2877. (08/07/2022)

पृष्ठांकन संख्याः शिक्षा–ई0डी0एन0–के0जी0आर0(जी0–1)स्पोंडस 2022 दिनांक 08–07–2022

प्रतिलिपि :– समस्त प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक /प्रभारी, रा0व0मा0पा0 / रा0म0पा0 / रा0उ0पा0 जिला कांगडा को उक्त पत्र के अनुसार खण्ड स्तर की खेल–कूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी दलों के समबन्ध में DDO / Complex से चयन करके एक ही टीम खण्ड स्तर की खेल–कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेगी । जिसवारे निदेशालय स्तर प्रस्तावना मद संख्या 04 पर यह निर्णय लिया गया कि उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक अपने स्तर पर ही अपने जिलों में इस पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है ।

इस संन्दर्भ में जिला कांगडा की DESSA की कार्यकारिणी से विचार विमर्श करने उपरान्त प्रस्ताव संख्या 06 मद संख्या 02 पर यह निर्णय लिया गया कि जिला कांगडा में समस्त पाठशालाओं के प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक /प्रभारी, अपने अधीनस्थ आने वाली सस्थाओं में खण्ड स्तर की खेल–कूद प्रतियोगिताओं में टीम के चयन बारे आपको अपने स्तर पर ही निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया जाता है ।

Dy Director of Ele Edu
Kangra at D/sala